तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

11 सिंगारी में 30 फीट रावण का दहन ...



12 भटगांव में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन, ...



बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

खबर संक्षेप

युवती के साथ मारपीट चार लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम चोरभट्ठी में युवती के साथ मारपीट किए जाने के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम चोरभट्ठी की सुवर्णा बारिक के साथ 24 अक्टूबर को सविता साहू और सुनिता प्रधान द्वारा घर से निकाल देने की बात पर करीब सुबह 6-7 बजे विवाद कर मारपीट की गई। जिसे इलाज के लिए डायल 112 से शासकीय अस्पताल बसना लाया गया। पूछताछ में प्रार्थी हेमकुमार साहू को उसकी भतीजी सुवर्णा ने बताया आरोपी दिवाकर बारिक, सविता, सुनिता प्रधान, गोसाईराम बारिक द्वारा उसके साथ गाली गलौज और मारपीट की की गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

युवक के साथ गाली गलौज, कार में तोड़फोड़

महासमुंद। ग्राम परसकोल में एक युवक के साथ गलौज और उसकी कार में तोड़फोड़ किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को गोडमर्रा के दीपक प्रधान ने बताया कि 24 अक्टूबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने कार आर्टिगा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 0727 से अपने मामा राधेश्याम भोई निवासी परसकोल के पास अपने जमीन संबंधी दस्तावेज और घरेलू सामान को लेने गया था, तब उसके मामा राधेश्याम भोई व उनके बेटे निलेश भोई एवं दीपेश भोई जमीन संबंधी दस्तावेज व उक्त घरेलू सामान को नही देंगे कहकर गाली गलौज कार में तोड़फोड़ करने लगे। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 296, 3(5), 324(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

दीपावली के कारोबार के बीच सदर बाजार में अघोषित बिजली कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

दोपहर 3 बजे से गुल रही बिजली, दुकानदारों का कारोबार प्रभावित, ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग बनी वजह

दीपावली के त्योहार पर जहां बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं सदर बाजार रोड में अघोषित बिजली कटौती ने व्यापारियों की परेशानी बढ़ा दी है। रविवार को दोपहर 3 बजे से देर शाम तक भी बिजली बंद रहने के कारण दुकानों में कारोबार प्रभावित हुआ। खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की इस लापरवाही को लेकर व्यापारियों में नाराजगी देखी गई। व्यापारियों का कहना है कि दीपावली का त्योहार उनके लिए कारोबार के लिहाज से सबसे महत्वपूर्ण समय होता है। इन दिनों बाजार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ जाती है और व्यापारी बेहतर कारोबार की उम्मीद करते हैं। ऐसे समय में बिना पूर्व सूचना बिजली बंद होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है।



व्यापारियों के मुताबिक, उन्होंने नवरात्रि से पहले ही बिजली विभाग को मेंटेनेंस कार्य कराने के लिए आवेदन दिया था, ताकि त्योहार के दौरान बिजली व्यवस्था बाधित न हो। इसके बावजूद दीपावली के कारोबार के बीच अघोषित बिजली कटौती किए जाने से व्यापारियों में भारी आक्रोश है। मामले में बिजली विभाग के कार्यपालन अभियंता एके ठाकुर ने बताया कि ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग का कार्य किया जाना था, जिसके कारण बिजली आपूर्ति बंद की गई। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इसकी जानकारी व्यापारियों को नहीं दी जा सकी।

बिजली गुल होने से ग्राहक भी परेशान

दोपहर 3 बजे से बिजली बंद रहने के कारण दुकानदारों को कारोबार करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। वहीं, खरीदारी के लिए बाजार पहुंचे ग्राहक भी परेशान हुए। व्यापारियों का कहना है कि त्योहार के समय बाजार में ग्राहकों की भीड़ रहती है, ऐसे में बिजली कटौती से न केवल व्यापार प्रभावित होता है, बल्कि ग्राहकों को भी असुविधा होती है। उनका सवाल है कि जब मेंटेनेंस के लिए पहले ही आवेदन दिया गया था, तो दीपावली के दौरान इस तरह की स्थिति क्यों निर्मित हुई?

खुलासा : खरोरा में हत्या के मामले का खुलासा, लोहे का पाइप एवं बाइक जब्त

लोहे के पाइप से मारकर युवक की हत्या करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चंचल तिवारी के मार्गदर्शन और अनुविभागीय अधिकारी विधानसभा वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना खरोरा पुलिस ने हत्या के एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का पाइप और स्कूटी वाहन भी जब्त कर लिया है।

प्रार्थी द्वारा थाना खरोरा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि ग्राम मधईपुर निवासी अखिलेश सायतोड़े ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसके भाई राजकुमार साहू उर्फ राजू के साथ जान से मारने की नीयत से लोहे के पाइप से बेरहमी से मारपीट की। इस हमले में राजकुमार के सिर पर गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उसे बेहतर इलाज के लिए रायपुर अस्पताल रेफर किया गया था। शिकायत के आधार पर पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की। इलाज के दौरान डॉक्टरों द्वारा यह जानकारी दी गई कि घायल के सिर में गंभीर चोट है और वह बयान देने की स्थिति में नहीं है, जिस पर मामले में धारा 109(1) बीएनएस जोड़ी गई।

अपराध के पुख्ता साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय में पेश कर दिया है।



इलाज के दौरान हुई मौत, धारा बदलकर की गई कार्रवाई

दौरान विवेचना 23 अक्टूबर को सूचना मिली कि घायल राजकुमार साहू उर्फ राजू की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। इस पर मर्ग पंचनामा कार्रवाई पूरी कर प्रकरण में धारा 103(1) बीएनएस (हत्या) जोड़ी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट की मदद ली और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए। साथ ही सायबर तकनीक और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने दबिश देकर मामले के आरोपी अखिलेश सायतोड़े, भूषण कुमार उर्फ मोहनू साहू और ओमप्रकाश उर्फ छोटू कुर्रे को अपनी हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से घटना में इस्तेमाल किया गया लोहे का पाइप और स्कूटी वाहन भी बरामद कर लिया है।

कत्ता लहराकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को 2 वर्ष का कठोर कारावास

पलारी। बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखने, सार्वजनिक स्थानों पर हथियार लहराकर दहशत फैलाने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित, निष्पक्ष व वैज्ञानिक अनुसंधान करने तथा न्यायालयीन प्रकरणों में पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत कर अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना पलारी क्षेत्र के एक आपराधिक मामले में पुलिस की उत्कृष्ट विवेचना और प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं आरोपी को 2 वर्ष के कठोर कारावास तथा 500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। दिनांक 24 अक्टूबर 2025 को समाधान सेल के माध्यम से थाना पलारी पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड पलारी में एक व्यक्ति अपने हाथ में धारदार कत्ता लेकर ⏭ शेष पेज 11 पर



कृषक उन्नति योजना में किसान पंजीयन 31 तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में कृषक उन्नति योजना के लिए अधिक से अधिक कृषकों को लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से खरीफ मौसम में धान के स्थान पर अन्य फसल जैसे दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल व कपास फसल के लिए पंजीयन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित है। जिले का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमी प्रतिकूलता व कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, फलस्वरूप कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत में राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभकी गई है। साथ ही फसल विविधिकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्म निर्भरता के लक्ष्य के साथ इस योजना के तहत चिन्हित अन्य फसलों पर भी आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।



कृषक उन्नति योजना का लाभ केवल उन्हीं कृषकों को मिलेगा जिन्होंने एकीकृत किसानों पोर्टल एवं एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से कराया हो। विगत खरीफ मौसम में एकीकृत किसान पोर्टल में ⏭ शेष पेज 11 पर

प्रति एकड़ मिलेगी 15 हजार तक की आदान सहायता

वाले कृषकों को तथा पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास लेने वाले कृषकों को आदान सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है। विगत खरीफ में धान की फसल लेने वाले ऐसे कृषक, जिन्होनें आगामी खरीफ में धान के स्थान पर अन्य खरीफ फसल लेने के लिए एकीकृत किसान पोर्टल पर पंजीयन कराया हो, उन्हें 15 हजार रुपए प्रति एकड़ एवं पूर्व से ही खरीफ में दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो, कुटकी, रागी और कपास की फसल लेने वाले कृषकों को 10 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से आदान सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

मंत्री टंकराम वर्मा ने 70 लाख रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



राजस्व, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा ने शनिवार को विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पौसरी, मगरवाय, बुढ़गहन और पूरेना में लगभग 70 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भू मि पू ज न किया। इस दौरान ग्रामीणों की मांग पर उन्होंने करीब 57 लाख रुपये के अतिरिक्त निर्माण कार्यों की घोषणा भी की। घोषित कार्यों में ग्राम पौसरी में 10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण और 5 लाख रुपये की लागत से बाउंड्रीवाल निर्माण, ग्राम मगरवाय में 10 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण, ग्राम बुढ़गहन में 20 लाख रुपये की लागत से चेकडैम निर्माण तथा ग्राम पूरेना में 7 लाख रुपये की लागत से अतिरिक्त कक्ष और 5 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि गांवों में विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे विकास को दर्शाता है। राज्य सरकार गरीबों के कल्याण और गांवों के विकास को प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने महतारी वंदन योजना और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी जैसे वादों को पूरा किया है। ⏭ शेष पेज 11 पर

- चेकडैम, शेड, अतिरिक्त कक्ष और रंगमंच निर्माण के लिए 57 लाख रुपए के कार्यों की घोषणा

इन कार्यों का हुआ लोकार्पण और भूमिपूजन

मंत्री वर्मा ने ग्राम पौसरी में 6.50 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन और 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित रंगमंच का लोकार्पण किया। ग्राम मगरवाय में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण किया गया। वहीं, ग्राम बुढ़गहन में 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित बाढ़ आपदा भवन और 5 लाख रुपये की लागत से निर्मित रंगमंच का लोकार्पण किया गया। ग्राम पूरेना में 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का भी लोकार्पण हुआ। इसके अलावा ग्राम मगरवाय के शासकीय प्राथमिक शाला में 10 लाख रुपये की लागत से दो अतिरिक्त कक्ष, 5 लाख रुपये की लागत से किचन शेड और 3.50 लाख रुपये की लागत से रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जनपद सदस्य राजेश ध्रुव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रविशंकर वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



आयुक्त ने सिंचाई नाली निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

बलौदाबाजार। आयुक्त वी बी -जी रामजी तारन प्रकाश सिन्हा ने रविवार को जिला प्रवास के दौरान जनपद पंचायत सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत खंडुआ में संचालित कच्ची सिंचाई नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यस्थल पर 157 श्रमिक नियोजित पाए गए। श्रमिकों से सीधे संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयुक्त श्री सिन्हा ने श्रमिकों से मजदूरी भुगतान, रोजगार उपलब्धता एवं कार्यस्थल से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को योजना अंतर्गत कार्य मे अधिक से अधिक श्रमिकों का नियोजन तथा कार्य मे गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये।

70 पौवा अवैध शराब जब्त, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पुलिस अधीक्षक श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चंचल तिवारी के मार्गदर्शन में तथा अनुविभागीय अधिकारी (विधानसभा) वीरेन्द्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट में गिरफ्तार किया गया है मामला इस प्रकार है कि दिनांक 23 अक्टूबर को मुखबीर से सूचना मिला कि शराब भट्ठी चीरघर खरोरा रोड में एक व्यक्ति अवैध रूप से स्कूटी में भारी मात्रा में शराब को बिक्री के लिए परिवहन करने की सूचना तस्दीक के लिए थाना खरोरा पुलिस पार्टी मुखबिर के बताए स्थानों पर से घेराबंदी कर रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी का नाम व पता- मुकेश जांगडे पिता जगत राम जांगडे उम्र 22 साल साकिन वार्ड क्रमांक 12 बरडीह थाना खरोरा जिला रायपुर मशरूका 70 पौवा सवा शेरा देशी मदिरा मशाला शराब प्रत्येक पौवा में 180-180 मि.ली. शराब भरी हुई सीलबंद, कुल जुमला मात्रा 12 लीटर 600 मि.ली. जुमला किमती 7000 रूपये, एवं एक नीला रंग की बिना नम्बर प्लेट का टीव्हीएस जुपिटर स्कूटी किमती करीबन 80,000 रूपये को समक्ष गवाहान जप्त कर आरोपी को शराब रखकर परिवहन करने के संबंध में नोटिस दिया गया जो कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिये गये आरोपी का उक्त कृत्य धारा-34(2)आबकारी एक्ट पाये जाने मौके पर विधिवत कार्यवाही पश्चात न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



जिले में चक्रवात के प्रभाव से 28 और 29 को होगी झमाझम बारिश

बारिश की आशंका के मद्देनजर प्रशासन मुस्तैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़पार सरसींवां

मौसम विभाग द्वारा चक्रवात के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में आगामी दिनों में वर्षा की संभावना जताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चक्रवात के उत्तरी आंध्र प्रदेश तट पर पहुंचने की संभावना है, जिसके प्रभाव से 27 अक्टूबर को सुकमा एवं दंतेवाड़ा तथा 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रदेश के सभी जिलों में वर्षा होने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किए जाने के मद्देनजर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने संभावित प्रतिकूल मौसम को देखते हुए जिले के सभी संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद रहने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्रीमती साहू ने राजस्व, पुलिस, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य, विद्युत, जल संसाधन सहित अन्य संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिला एवं तहसील स्तर पर नियंत्रण कक्ष सक्रिय रखने, मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान एवं चेतावनियों की निरंतर निगरानी करने तथा प्राप्त सूचनाओं के आधार ⏭ शेष पेज 11 पर

- कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने विभागों को दिए अलर्ट रहने के निर्देश

नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता, सतर्कता बरतने की अपील

कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे मौसम विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा जारी चेतावनियों को गंभीरता से लें तथा संभावित वर्षा के दौरान आवश्यक सावधानियां बरतें। विशेषकर नदी-नालों, जलभराव वाले स्थानों और तेज बहाव वाले मार्गों को पार करने से बचें। आंधी-तूफान एवं आकाशीय बिजली की स्थिति में खुले स्थानों, पेड़ों और विद्युत खंभों के नीचे खड़े न हों। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले नागरिक विशेष सतर्कता बरतें तथा बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा का ध्यान रखें। जिला प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि वे मौसम के पूर्वानुमान को ध्यान में रखते हुए खेतों एवं खुले स्थानों में रखी कृषि उपज, धान और अन्य आवश्यक सामग्रियों को सुरक्षित रखने की व्यवस्था करें। नागरिक अनावश्यक जोखिम न उठाएं तथा किसी भी आपात स्थिति की सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दें। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखते हुए आवश्यकतानुसार आम नागरिकों तक समय पर चेतावनी एवं सुरक्षा संबंधी जानकारी पहुंचाई जाए। किसी भी आपात स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में विलंब न हो तथा सभी विभाग पूरी जिम्मेदारी और तत्परता के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की जनहानि को रोकना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। नागरिकों की सुरक्षा के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और संभावित परिस्थितियों से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं।

प्रशासनिक तैयारियां और निर्देश

संभावित वर्षा के दौरान जनजीवन प्रभावित न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को अपने स्तर पर आवश्यक संसाधन एवं व्यवस्थाएं तैयार रखने को कहा गया है। कलेक्टर ने राज्य आपदा मोचन बल, नगर सेना एवं अन्य बचाव दलों के साथ समन्वय बनाए रखने तथा जरूरत पड़ने पर उनकी सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने की तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही जलाशयों एवं बांधों के जलस्तर की नियमित निगरानी करने, जल निकासी की स्थिति में संबंधित क्षेत्रों के नागरिकों को समय रहते चेतावनी देने तथा विद्युत आपूर्ति एवं आवश्यक सेवाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने को कहा है।

हमारी लोककलाएं इतिहास, जीवन-मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान की जीवंत अभिव्यक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोककला और संस्कृति की समृद्ध धरती है। हमारी लोककलाएं हमारे इतिहास, जीवन-मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। इन्हें सहेजना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। राज्य सरकार लोककलाओं के संरक्षण-संवर्धन के साथ कलाकारों को प्रोत्साहन और व्यापक मंच उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय कलाकार दिवस के अवसर पर दुर्ग जिले के अहिवारा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बानबरद में आयोजित पंडवानी महासम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने प्रदेशभर से आए लोक कलाकारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की माटी ने अनेक महान कलाकार दिए हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा और साधना से प्रदेश की लोकसंस्कृति को देश-दुनिया में प्रतिष्ठित किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने पंडवानी की महान लोक कलाकार पद्म विभूषण तीजन बाई का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी अद्वितीय कला-साधना से छत्तीसगढ़ की पंडवानी को विश्व पटल पर विशिष्ट पहचान दिलाई। पंडवानी एक अनूठी लोकविधा है, जिसमें कलाकार महाभारत की कथा और उसके विभिन्न पात्रों को अपने गायन, अभिनय और भाव-भंगिमाओं के माध्यम से जीवंत कर देता है। तीजन बाई ने इस अद्भुत लोकविधा को दुनिया के अनेक मंचों तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने ज्ञानश्रोत कला मंच के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि किसी संस्था का लगातार 46 वर्षों तक लोककला और संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है। इस मंच ने छत्तीसगढ़ की लोककलाओं को जीवंत रखने, कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने और नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने पद्मश्री डॉ. उषा बारले एवं ज्ञानश्रोत लोककला मंच से जुड़े सभी लोगों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ के कलाकारों और फिल्म जगत को भी नई संभावनाओं से जोड़ रही है। छत्तीसगढ़ी सिनेमा और स्थानीय कलाकारों को व्यापक मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ फिल्म विकास बोर्ड का गठन किया गया है। नवा रायपुर में फिल्म सिटी विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इससे छत्तीसगढ़ी सिनेमा के साथ अन्य फिल्म निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश के कलाकारों तथा युवाओं के लिए रोजगार एवं रचनात्मक अवसरों के नए द्वार खुलेंगे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों की मांग पर पंडवानी महासम्मेलन में शामिल 70 दलों को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की। इनमें पंडवानी कलाकारों के साथ चार पंथी एवं तीन आदिवासी नृत्य दल भी शामिल हैं।

पंडवानी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हुए शामिल



लोककला हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा

स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति को आगे बढ़ाने में यहां के कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पंडवानी, पंथी, मरथरी, ददरिया और सुवा जैसी लोकविधाएं हमारे जीवन और सामाजिक परंपराओं का अभिन्न हिस्सा हैं। ये केवल गीत और नृत्य नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक आत्मा हैं। उन्होंने कलाकारों से इस महासम्मेलन की परंपरा को आगे भी इसी उत्साह के साथ जीवंत बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम को विधायक रिकेश सेन ने भी संबोधित किया। पद्मश्री डॉ. उषा बारले ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कलाकारों से जुड़ी विभिन्न मांगों की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकृष्ट किया।

दिवंगत तीजन बाई के नाम पर अलंकरण इसी वर्ष से

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीजन बाई की स्मृतियों और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने के लिए राज्य सरकार महत्वपूर्ण पहल कर रही है। उनके गृह ग्राम गनियारी को कला ग्राम के रूप में विकसित किया जाएगा तथा वहां के हाईस्कूल का नामकरण तीजन बाई के नाम पर करने की पहल की जाएगी। उन्होंने बताया कि तीजन बाई के नाम पर लोककला अलंकरण इसी वर्ष से राज्योत्सव के अवसर पर प्रदान किया जाएगा। यह अलंकरण उनकी अनुपम कला-साधना के प्रति सम्मान के साथ प्रदेश के लोक कलाकारों को अपनी परंपरागत कलाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।

खबर संक्षेप



दुर्गोत्सव समिति ने पंडाल में किया भोग-भंडारा

रायपुर। प्रतिवर्षानुसार इस बार भी नवरात्रि पर्व पर एवन युवा दुर्गोत्सव समिति, दूधाधारी मंदिर परिसर मठपारा में समिति द्वारा विशाल महाभण्डारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने पंडाल प्रांगण में बैठकर मातारानी का प्रसाद ग्रहण किया। इसमें दूधाधारी मठ मंदिर के प्रमुख, राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास महंत, सुशील ओझा, सुरेश शर्मा, समिति के अध्यक्ष राजेश पुरी गोस्वामी के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन और सहयोग से महाभण्डारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

वर्तमान धान खरीदी में भारी विसंगतियां: उधो

रायपुर। समर्थन मूल्य पर धान



खरीदी में कई विसंगतियां हैं, जिसमें किसानों में भारी रोष है। मूल खसरा और रकबा में, गिरदावरी में, खरीफ और रबी फसल की तुलनात्मक अन्य फसल अंकित होने के कारण दलहन-तिलहन, उन्हें दर्शाया नहीं जा रहा है, जिससे धान खरीदी के रकबा में बहुत कमी होती जा रही है। निलजा के किसान दौलत वर्मा का नाम एग्रोस्टेक में रजिस्टर्ड होने के बाद भी पोर्टल पर रकबा कम दिखाया जा रहा है।

रकम लेनदेन को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम कुम्हारी में रकम लेनदेन को लेकर बुजुर्ग व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले मं आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कैलाशचंद्र पटेल पिता स्व अमृतलाल पटेल (60 वर्ष) निवासी ग्राम कुम्हारी ने बताया कि 23 अक्टूबर को लगभग 7.15 बजे के आसपास में अपने मोटर सायकल में करीभौना कुंवर बाई दुकान के पास गुटखा एवं पैसा देने के लिए खड़ा था, उसी समय उसने वहां आए माधव प्रसाद सिदार को पुराने पैसे को देने के लिए कहा, इस पर उसने नहीं दूंगा कहते हुए गाली गलौज कर लाठी डंडा से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगा।

बिना निर्धारित योग्यता और अनुमति के मरीजों को दी जा रही हैं दवाइयां और चढ़ाई जा रही है ड्रिप

ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टर सक्रिय बिना डिग्री व पंजीयन के मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में कथित झोलाछाप डॉक्टरों की सक्रियता को लेकर स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि कुछ लोग बिना मान्य चिकित्सा डिग्री और वैध पंजीयन के ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। ऐसे कथित अवैध क्लीनिकों और निजी उपचार केंद्रों के संचालन से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और छोटे-मोटे रोगों के उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों तक जाने की परेशानी का फायदा उठाकर कुछ लोग चिकित्सा सेवा के नाम पर मरीजों का उपचार कर रहे हैं। इसके साथ ही इलाज के नाम पर मोटी रकम भी वसूला जा रहा है। तथा जानकारी के अभाव में ग्रामीणजन मोटी फीस देने को मजबूर है। यदि बिना निर्धारित योग्यता और आवश्यक अनुमति के मरीजों को दवाइयां दी जा रही हैं या इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं, तो यह मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

मरीजों की जान से खिलवाड़ का खतरा

चिकित्सा क्षेत्र में उचित शैक्षणिक योग्यता, पंजीयन और निर्धारित मानकों का पालन बेहद जरूरी है। बिना पर्याप्त चिकित्सकीय ज्ञान के गलत दवा देने, बीमारी का गलत निदान करने अथवा आवश्यक उपचार में देरी होने से मरीजों की स्थिति गंभीर हो सकती है। विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए ऐसी लापरवाही नुकसानदायक साबित हो सकती है।



स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई पर निगाहें

इस मामले में स्वास्थ्य विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण है। विभाग को कसडोल नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में संचालित क्लीनिकों तथा उपचार केंद्रों की जांच कर संबंधित व्यक्तियों की शैक्षणिक योग्यता, चिकित्सा पंजीयन और आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन करना चाहिए। यदि जांच में नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

ग्रामीणों को सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं का इंतजार

स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी भी आवश्यक है। अब देखना होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस दिशा में जांच अभियान चलाकर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करता है या नहीं। लोगों की मांग है कि मरीजों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए योग्य और पंजीकृत चिकित्सकों के माध्यम से ही उपचार सुनिश्चित किया जाए।

ग्राम पुटपुरा में ऐसे ही एक घटना आया था सामने

बीते दिनों पहले ऐसे ही एक मामला आदिवासी बाहुल्य ग्राम पुटपुरा में बिना वैध पंजीयन के क्लिनिक संचालित किए जाने का मामला सामने आया था। जहां ग्रामीणों का आरोप है कि यहां छोटे से परिसर में पैथोलॉजी जांच के साथ मरीजों का उपचार भी किया जा रहा है। मरीजों को बेंच में बिठाकर ड्रिप चढ़ाए जाने की बात भी सामने आई थी। जिस पर तात्कालीन बीएमओ द्वारा टीम गठित कर जांच कराने की बात कही गई थी परन्तु अभी तक विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

आदिवासियों के लिए कांग्रेस ने बनाए संवैधानिक अधिकार भाजपा बताए क्या किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के इस बयान पर कि कांग्रेस ने 50 सालों में जनजातीय समाज के लिए कुछ नहीं किया, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपराओं और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के साथ उसे राजनीतिक प्रतिनिधित्व और विकास के अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं आदिवासी समाज से आते हैं और उनका प्रदेश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचना भी उस लोकतांत्रिक व्यवस्था का उदाहरण है, जिसमें आदिवासी समाज को प्रतिनिधित्व के अवसर मिले हैं।



■ बैज ने बस्तर के प्राकृतिक संसाधनों को लेकर भी सरकार पर लगाए आरोप

उन्होंने कहा, भारतीय संविधान में अनुसूचित जनजातियों के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व, सरकारी नौकरियों और शिक्षा में अवसर तथा सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के प्रावधान किए गए। लोकसभा और विधानसभा में अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण, अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन के लिए विशेष व्यवस्था और आदिवासी समुदायों के कल्याण के लिए संवैधानिक प्रावधान इसी व्यवस्था का हिस्सा हैं। कांग्रेस की सरकारों ने आदिवासी समाज को आगे बढ़ाने और उसके अधिकारों की रक्षा के लिए काम किया है।

पेसा कानून और वनाधिकार पट्टों का किया उल्लेख

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, वर्ष 1996 में पेसा कानून बनाया गया, जिसका उद्देश्य पांचवीं अनुसूची के क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को मजबूत करना तथा आदिवासी समुदायों की परंपराओं, सामुदायिक संसाधनों और स्थानीय स्वशासन को संरक्षण देना है। उन्होंने भाजपा सरकार पर आदिवासी हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा, कांग्रेस ने बस्तर के स्वाभिमान और प्राकृतिक विरासत की रक्षा की, जबकि भाजपा की डबल इंजन सरकार पर नंदराज पर्वत को अडानी समूह के हितों के लिए समर्पित करने का आरोप लगाया। उन्होंने बस्तर की शबरी, गंडकी और इंद्रावती नदियों में औद्योगिक प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि नदियों का पानी प्रदूषित होकर लाल हो रहा है।

स्मृति ईरानी के सामने भाजपा की गुटबाजी और कार्यकर्ताओं की नाराजगी दूर करना बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ भाजपा की नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी के दौरे से पहले प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख



सुशील आनंद शुक्ला ने भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने स्मृति ईरानी का छत्तीसगढ़ में स्वागत करते हुए कहा, प्रदेश में उन्हें भाजपा की गुटबाजी, नेताओं के बीच आपसी खींचतान और कार्यकर्ताओं के असंतोष का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, पौने तीन साल के कार्यकाल में भाजपा सरकार जनता का भरोसा खो चुकी है और प्रदेश में भ्रष्टाचार व कमीशनखोरी हावी है।

उन्होंने कहा, प्रदेश प्रभारी के रूप में स्मृति ईरानी के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के भीतर चल रही गुटबाजी को संभालना और नाराज कार्यकर्ताओं का असंतोष दूर करना होगा। उनके अनुसार, सरकार में मंत्रियों के बीच आपसी खींचतान है और कई मंत्री मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावती तेवर अपनाए हुए हैं। वरिष्ठ विधायकों और नेताओं को सरकार में उचित स्थान नहीं मिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार में निष्ठावान कार्यकर्ताओं की सुनवाई नहीं हो रही है और पार्टी के कार्यकर्ता भी सरकार के ढाई साल के कामकाज से नाराज हैं।

महंगाई पर भी घेरा: उन्होंने महंगाई के मुद्दे पर भी स्मृति ईरानी से जवाब मांगा। उन्होंने कहा, स्मृति ईरानी पहले महंगाई के खिलाफ आंदोलन करती रही हैं। गैस सिलेंडर के बढ़ते दामों के विरोध में सिलेंडर उठाए उनकी तस्वीर भी खूब चर्चित हुई थी।

जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरेगी जोगी कांग्रेस, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने संगठन को नए सिरे से मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर प्रदेशव्यापी संघर्ष शुरू करने का निर्णय लिया है। पार्टी के नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष नवनीत चांद की अगवाई में शनिवार को जोगी निवास, सिविल लाइंस में संगठनात्मक पुनर्गठन, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों और जनसमस्याओं को लेकर मैराथन बैठक हुई। बैठक में जनहित के मुद्दों पर सड़क पर उतरकर आंदोलन करने सहित कई प्रस्तावों पर सहमति बनी।

पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता भगवानू नायक ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे पदाधिकारियों और प्रतिनिधियों ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा युवाओं, महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के बीच पार्टी



की सक्रियता बढ़ाने पर चर्चा की। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए चरणबद्ध कार्यक्रम बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

'अब भाषण नहीं, जनता के लिए रण करना होगा'

प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा, देश का राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। अब भाषण देने के बजाय जनता के मुद्दों के लिए संघर्ष करना होगा। जनहित के सवालों पर सड़क पर उतरना ही जेसीसीजे 2.0 की पहली प्राथमिकता है।

कांग्रेस ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मतदाता सूची की निष्पक्षता और पात्र नागरिकों के मताधिकार की रक्षा की मांग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव ने शनिवार को 'वोट बचाओ–देश बचाओ, लोकतंत्र बचाओ–संविधान बचाओ' अभियान के तहत पदयात्रा निकाली। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन किया और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। पदयात्रा के दौरान संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन कर लोकतंत्र और मताधिकार की रक्षा का संकल्प भी लिया गया।

कांग्रेसियों ने महापौर निवास से पैदल मार्च करते हुए सुकवारी बाजार चौक पहुंचे। यहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार का पुतला दहन कर मतदाता सूची में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और प्रत्येक पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार की रक्षा की मांग उठाई गई। पदयात्रा के दौरान जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा ने संविधान के अनुच्छेद 326 का वाचन किया।

मतदाता सूची की निगरानी करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, मताधिकार प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। कांग्रेस कार्यकर्ता ब्लॉक, मंडल और बूथ स्तर पर मतदाता सूची की निगरानी करेंगे तथा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी बाधा के मतदान का अवसर मिलना चाहिए।

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में जिला प्रभारी सुरेंद्र शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, बिरगांव महापौर नंदलाल देवांगन, नगर निगम सभापति कृपाराम निषाद और ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी सहित अविनाश नियाल, लखन साहू, ज्वाला गोस्वामी, प्रवेश पांडे, बाबा खान, छबी धीवर, सतीश, ऊबारन, रियाज खान, दिलदार, रानी गोस्वामी, बाबूलाल, रितेश सिंह, बैसाखु सागर, मुकेश तिवारी, दीनू निषाद और पुष्पलता वैष्णव सहित पार्षद, मंडल अध्यक्ष और सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सड़क-नाली की गुणवत्ता में कोताही, विधायक मोतीलाल ने अधिकारियों को लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित कचना में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सड़क और नाली निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखने पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने संबंधित अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई। साथ ही जोन स्तर पर पट्टा वितरण के लिए कराए गए सर्वे में खामियां सामने आने पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की। श्री साहू ने शनिवार को मोवा स्थित जोन-9 कार्यालय पहुंचकर जोन के 7 वार्डों में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने को लेकर रायपुर ग्रामीण



विधायक नाराज हुए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश इस दौरान दिए। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने पट्टा संबंधी प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलवाना सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया है। दीपावली पर्व को ध्यान में पूरे शहर में साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था में सुधार लाने विशेष ध्यान देने कहा है। श्री साहू ने जोन 9 के अधिकारियों को दीपावली पर्व के पूर्व सभी कॉलोनियों, मोहल्लों, वार्डों में नालियों, मार्गों, गलियों में विशेष सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। कचना में प्रधानमंत्री आवास योजना आवासीय परिसर में सड़क और नाली के निर्माण कार्य में आवश्यक सुधार लाकर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। समीक्षा बैठक के दौरान अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, जोन-9 के अध्यक्ष गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य खेमकुमार सेन, प्रभा विश्वकर्मा, सावित्री धीवर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू सहित जोन अधिकारियों की उपस्थिति रही।

शिवम सिटी सड़ू में सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने महात्मा गांधी वार्ड में अधोसंरचना मद से करीब 75 लाख रुपये की लागत से शिवम सिटी सड़ू में नए विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें नए सीसी रोड का निर्माण 40 लाख और नई नालियों का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से कराया जाएगा। शिवम सिटी सेक्टर-3 क्षेत्र में गंदे पानी के सुगम निकास के लिए नई नालियों का शीघ्र निर्माण कराया जाएगा। विधायक श्री साहू ने श्रीफल फोड़कर जोन-9 जोन अध्यक्ष गोपेश साहू, वार्ड पार्षद सावित्री धीवर सहित अन्य वार्ड पार्षदों की मौजूदगी में भूमिपूजन कर नागरिकों को सौगात दी।

भाजपा बोली- कांग्रेस और विपक्ष कर रहे वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं सांसद संतोष पाण्डेय ने कहा, कांग्रेस और विपक्ष वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है विपक्षी दल निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को नुकसान पहुंचाने और जनता को भ्रमित करने का निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हो रहे विकास कार्यों से ध्यान भटकाने के लिए विपक्ष अब निर्वाचन आयोग और चुनाव प्रणाली पर बेबुनियाद सवाल खड़े कर रहा है।

श्री पाण्डेय शनिवार को ठाकरे परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते



हुए कहा, चुनावी प्रक्रिया में गड़बड़ी का कांग्रेस का पुराना इतिहास रहा है। उन्होंने बताया, 1952 के चुनाव में कांग्रेस ने कम्युनिस्टों के साथ मिलकर बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को हराने की साजिश रची थी। 1957 में बिहार के बेगूसराय में देश के पहले बूथ पर कांग्रेस समर्थकों द्वारा कब्जा करने की घटना हुई थी। 1967 में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस ने प्रतिद्वंदियों को चुनाव से रोककर निर्विरोध 61 सीटें जीती थीं। श्री पाण्डेय ने सन 1975 के घटनाक्रम की चर्चा करते हुए कहा, इलाहाबाद हाईकोर्ट के तत्कालीन न्यायमूर्ति जगमोहन लाल सिन्हा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग का दोषी पाते हुए 6 वर्षों के लिए किसी भी सार्वजनिक पद के अयोग्य घोषित कर दिया था। 1987 का कश्मीर चुनाव कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस ने बड़े पैमाने पर धांधली कर जीता था। इसके अलावा देश में कई चुनी हुई सरकारों को कांग्रेस ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए बर्खास्त किया।

श्री पाण्डेय ने कहा, जनता का समर्थन खो चुकी कांग्रेस के पास कोई ठोस एजेण्डा नहीं बचा है, इसलिए वह हार के डर से वोट चोरी और ईवीएम जैसे झूठे बहाने बना रही है। श्री पाण्डेय ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में चुनाव आयोग ने 400 से अधिक विधानसभा चुनाव और 20 आम चुनाव सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए हैं। दुनिया की लगभग 1/6 आबादी के लिए चुनाव प्रबन्धन करने का अनुभव रखने वाला यह आयोग वैश्विक लोकतंत्र के सबसे मजबूत संरक्षकों में से एक है। मोदी सरकार ने चुनाव कानून संशोधन विधेयक (2021) लाकर चुनावी सुधारों और एसआईआर की निष्पक्ष प्रक्रिया को मजबूती दी है।

खबर संक्षेप

निःशुल्क पथरी ऑपरेशन शिविर कल

महासमुंद। सोहम जन सेवा समिति के तत्वाधान में सोहम हॉस्पिटल में निःशुल्क पथरी ऑपरेशन शिविर 27 अक्टूबर डॉ. आकाश अग्रवाल यूरो सर्जन परामर्श देंगे। वे सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। यूरोलॉजिस्ट से परामर्श लेने के लक्षण परामर्श में बार बार पेशाब आना, पेशाब में जलन या दर्द होना, पेशाब में खून आना, स्टोन के लक्षण, पेशाब का प्रवाह कमजोर होना, पेशाब मार्ग में रुकावट आना, ऐसे परेशानियों से मदद मिल सकता है। लेब टेस्ट एवं सीटी स्कैन में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।

रेलवे बैरिकेड्स के साथ पैदल आवागमन के लिए गेट खोलने की मांग

महासमुंद। शहर में रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से लगाए जा रहे बैरिकेड्स के कारण आम नागरिकों के आवागमन में होने वाली परेशानी को देखते हुए नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष महेंद्र सिक्का एवं भाजयुमो शहर महामंत्री गौरव राठी ने रेलवे प्रशासन के इंजीनियर बारिक को ज्ञापन सौंपकर पैदल आवागमन के लिए गेट की व्यवस्था करने की मांग की। राठी ने रेलवे इंजीनियर का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि रेलवे पटरी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेड्स लगाना आवश्यक है, लेकिन कुछ स्थानों पर आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैरिकेड्स के साथ पैदल आने-जाने के लिए गेट की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि इमलीभाठा से शंकर नगर आने-जाने वाले मार्ग पर विशेष रूप से पैदल आवागमन की सुविधा बनाए रखना जरूरी है। शंकर नगर में पुरानी लकड़ी टाल के पास रेलवे सिग्नल के दोनों ओर से लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोग पैदल आते-जाते हैं। यदि इस रास्ते को पूरी तरह बंद कर दिया जाता है, तो नागरिकों को शहर आने-जाने के लिए लगभग एक किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ेगा।

पेज 9 के शेष

कत्ता लहराकर दहशत

आने-जाने वाले राहगीरों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर तत्काल त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना पलारी पुलिस टीम मौके पर रवाना किया गया। पुलिस टीम ने बस स्टैंड पहुंचकर सूचना के आधार पर संदेही को घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम संतोष साहू निवासी बजरंग चौक, बस स्टैंड पलारी बताया। मौके पर स्वतंत्र गवाहों की उपस्थिति में आरोपी के हाथ से जप्त किए गए हथियार की विधिवत माप की गई।

कृषक उन्नति योजना...

पंजीकृत ऐसे कृषक जिन्होंने धान फसल लगाये हो तथा व गिरदावरी पूर्ण हो। जिनके द्वारा खरीफ मौसम में दलहन, तिलहन, मक्का लघु धान्य फसल (कोदो, कुटकी एवं रागी) व कपास फसल के लिए पंजीयन कराया गया हो। योजना के दिशा-निर्देशानुसार विधिक व्यक्तियों तथा ट्रस्ट,मण्डल, प्राईवेट लिमि., कम्पनी,शाला विकास समिति,केन्द्र एवं राज्य शासन के संस्थान, महाविद्यालय आदि संस्थाओं को योजना से लाभ लेने की पात्रता नहीं होगी।

मंत्री टंकराम वर्मा ...

महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आर्थिक सहायता मिल रही है, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार पारदर्शिता के साथ काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।

बारिश की आशंका...

पर समय रहते आवश्यक कदम उठाने को कहा है। विशेष रूप से निचले इलाकों, जलभराव एवं बाढ़ की आशंका वाले स्थानों की पहचान कर वहां सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

आरएसएस के पथ संचलन का पुष्पवर्षा कर स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

घोष की धुन पर कदमताल करते स्वयंसेवकों ने निकाला पथ संचलन



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सिमगा खण्ड द्वारा विजयादशमी उत्सव के अवसर पर सिमगा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया जो नगर के मिनी स्टेडियम से प्रारंभ होकर थाना मार्ग से शीतला पारा सोनकर पारा कंकालीन पारा होते हुए जय स्तंभ चौक से पुनः मिनी स्टेडियम पहुंचकर संपन्न हुआ।

आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 101 वर्ष हो चुके हैं । संघ का कार्य शाखा के माध्यम से होता है जहां रोज एक घंटे की शाखा में व्यायाम करते हैं देशभक्ति के गीत गाते हैं, और संस्कार सीखते हैं।

विजयादशमी पर्व गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को जानने का अवसरः बलराम यदु

पथ संचलन में स्वयंसेवकों की अनुशासित टोलियों ने घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर नगर भ्रमण किया। नगर भ्रमण के दौरान कई स्थानों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का अभिवादन किया । समापन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता बलराम यदु विभाग कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ रायपुर विभाग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि विजयादशमी पर्व केवल रावण पर राम की विजय का पर्व नहीं बल्कि यह हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति को जानने का पर्व है।

आज सिमगा के इस मिनी स्टेडियम से मैं आप सभी से एक ही आग्रह करूँगा अपने बच्चों को शाखा में भेजिए सप्ताह में एक बार ही सही संघ के विचार को जानने और शारीरिक और बौद्धिक विकास हेतु यह आवश्यक है । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कन्हैयालाल पंजवानी सहित एल्डरमैन परस पाटकर रूखमणी साहू उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्ड संघ चालक चीमन देवांगन ने की। आयोजन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं नगर के गणमान्य नागरिक एवं संघ परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

16 नवंबर से समर्थन मूल्य पर होगी धान खरीदी शुरू

बायोमेट्रिक तकनीक से ही होगी धान खरीदी, बिचौलियों पर कसेगा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

चेक लिस्ट के अनुसार उपार्जन केंद्रों मे सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश



- गड़बड़ी की शिकायत पर होगी कड़ी कार्यवाही
- धान खरीदी से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

खरीफ सीजन 2026-27 मे समर्थन मूल्य मे पारदर्शी व सुव्यवस्थित ढंग से धान खरीदी के लिए शनिवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं धान खरीदी से जुड़े कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को शासन की अति महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए संवेदनशीलता एवं गंभीरतापूर्वक दायित्व निर्वहन के निर्देश दिये।

कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि इस वर्ष 16 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारम्भ होना प्रस्तावित है औऱ लगभग 20 दिन शेष है। धान खरीदी से जुड़े सभी अधिकारी -कर्मचारी तैयारी मे जुट जाएं ताकि बेहतर खरीदी हो सके। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्र मे व्यवस्थाओं एवं नियमों के पालन के लिये शासन द्वारा चेक लिस्ट जारी किया गया है। इस चेक लिस्ट के अनुसार सभी केंद्रों मे व्यवस्थाएं दुरुस्त करें।

आर्द्रतामापी यंत्र एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन का कैलीब्रेशन कराएं, धान की नमी 14 से कम एवं 17 से अधिक नहीं होना चाहिए। सीसीटीवी कैमरा सक्रिय हो औऱ वाहनों के आने औऱ जाने के रिकॉर्ड हो। सभी केंद्रों मे पेयजल, शेड औऱ शौचालय की व्यवस्था हो।

किसानों को धान बेचने मे कोई असुविधा न हो, किसानों के साथ सदव्यवहार बनाए रखें। उन्होंने कहा कि इस बार भी बायोमेट्रिक आधारित खरीदी होगी जिसके लिये उपकरण को क्रियाशील कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी समितियों में माइक्रो एटीएम उपलब्ध हो एवं 1 नवम्बर से इसे सक्रिय कर लें। धान खरीदी शुरू होने पर हर सप्ताह ट्रांजेक्शन रिपोर्ट ली जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप केवल वास्तविक किसानों से डीसीएस सत्यापन के अनुसार धान खरीदी किया जाएगा। धान खरीदी के दौरान विशेष सतर्कता बरतें औऱ ग्रीष्मकालीन या घुन लगा हुआ धान की खरीदी नहीं करना है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि समिति प्रबंधक औऱ ऑपरेटर बेहतर समन्वय के साथ काम करें। किसी प्रकार की गड़बड़ी की शिकायत आने पर सम्बंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। किसी भी समिति में ग्रीष्मकालीन व घुन लगा हुआ धान की खरीदी नहीं होनी चाहिए।

भाजपा मंडल की बैठक में बूथ मजबूती को लेकर बनी रणनीति



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

भारतीय जनता पार्टी खरोरा मंडल की आवश्यक संगठनात्मक बैठक हुई। इस दौरान संगठन को और अधिक सशक्त बनाने, बूथ स्तर पर कार्यों की समीक्षा करने तथा आगामी संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी रूप से संचालित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी शक्ति केंद्र प्रभारियों, संयोजकों एवं सह-संयोजकों तथा बूथ कमेटी के छह सदस्यों की आईडी निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री जमा की गई। साथ ही, शेष बूथों में टीम गठन कर आवश्यक जानकारी शीघ्र जमा करने के निर्देश दिए गए, ताकि संगठनात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मन की बात' के 140वें एपिसोड को माह के अंतिम रविवार को सभी बूथों पर सामूहिक रूप से सुनने का आह्वान किया गया। बैठक में प्रत्येक बूथ की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए संगठन की मजबूती, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी एवं जनसंपर्क को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

इस गरिमामयी अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष एवं मंडल प्रभारी अभिषेक राजा तंबोली, वरिष्ठ कार्यकर्ता निलाम्बुज चंद्राकर एवं रोशन चंद्राकर, नगर पंचायत खरोरा के उपाध्यक्ष सुमित सेन, जिला उपाध्यक्ष शिवशंकर वर्मा, मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, मंडल महामंत्री घनश्याम चंद्राकर एवं दुलेश साहू, उपाध्यक्ष कांति सेन एवं छगन यादव, जनपद सदस्य सौरभ वर्मा, पार्षद पुनेंद्र पाध्याय एवं पंचराम यादव एवं समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी सोहन धीवर प्रदेश सह संयोजक मछुआरा प्रकोष्ठ भाजपा ने दी।

सिंगारी में 30 फीट रावण का दहन ...



मुंडा। ग्राम पंचायत सिंघारी में कई सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी महानदी खंड में 23 अक्टूबर को दशहरा का आयोजन किया गया। और 30 फिट रावण का पुतला बनाया गया। शुक्रवार को लीला मंडली के वेशभूषा में सज धज कर दशहरा मैदान में पहुंचकर रावण, कुंभकरण मेघनाथ, विभीषण दल बल के साथ और भगवान श्री रामचंद्र लक्ष्मण हनुमान जी सहित दलबल पहुंचकर दशहरा मैदान में अंगद, संवाद, विभीषण, त्याग और श्री रामचंद्र और राजा रावण के बीच युद्ध मंचन करते हुए राजा रावण का वध किया गया और 30 फीट से बना रावण का पुतला का दहन किया गया। इस दौरान सिंघारी के सरपंच विश्वनाथ पटेल, उप सरपंच राम प्यारे पटेल, जीधन पटेल, गौवकरण पटेल, सुमन पटेल, सुशील साहू, जितेंद्र वर्मा, जगजीवन वर्मा, रघुनंदन वर्मा, सरोज वर्मा, बिसाहू, पूजा वर्मा, भागचंद, रामधन, उर्वशी, अंजोरी, पूस बाई, सम्मेलाल, सुरेंद्र, गोकर्ण, दिल चंद, फुल साय, उदल, रामनाथ, रामचंद्र, अश्वनी साहू, नरेश मनजीत इंद्र कुमार सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।

आप प्रतिनिधिमंडल ने लवन थाना प्रभारी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंडा



जनहित के मुद्दों पर सजग है आपः संतोष यादव

प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी से आग्रह किया कि लवन क्षेत्र में अवैध नशीले पदार्थों के कारोबार और अन्य असामाजिक गतिविधियों की शिकायतों पर गंभीरता से संज्ञान लिया जाए। ऐसे मामलों की निष्पक्ष जांच कर कानून के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर अंकुश लगाया जा सके। साथ ही, क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता बढ़ाने और आम जनता से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। लवन ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर हमेशा सजग और सक्रिय रही है। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखना, युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रयास करना तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पुलिस प्रशासन को जनहित से जुड़े मामलों में गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का वातावरण बना रहे। उन्होंने कहा कि अवैध नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए प्रशासन और समाज के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। लोगों को जागरूक करने के साथ साथ अवैध गतिविधियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई भी जरूरी है इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मनहर, जिला यूथ अध्यक्ष हरिशंकर नारंगे, हीरालाल, जिला एससी विंग अध्यक्ष कामदेव बघेल, जिला किसान विंग अध्यक्ष फूलदास सुखचंद साहू सहित आम आदमी पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आम आदमी पार्टी जिला बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष भुनेश्वर सिंह डहरिया के मार्गदर्शन मे आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने लवन ब्लॉक अध्यक्ष संतोष यादव के नेतृत्व में थाना प्रभारी लवन से मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाने तथा आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने सहित विभिन्न जनहित के मुद्दों पर चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि किसी भी क्षेत्र की सामाजिक प्रगति और खुशहाली के लिए कानून व्यवस्था का मजबूत होना बेहद जरूरी है। आम नागरिकों को भयमुक्त वातावरण मिलना चाहिए ताकि वे बिना किसी परेशानी के अपना दैनिक जीवन व्यतीत कर सकें।

पार्टी प्रतिनिधियों ने विशेष रूप से अवैध नशे के कारोबार पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं और उनके परिवारों पर पड़ता है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति युवाओं के भविष्य के शिक्षा रोजगार और सामाजिक जीवन को प्रभावित कर सकती है। इसलिए समय रहते इस पर प्रभावी नियंत्रण करना आवश्यक है।

पटपरपाली-बाम्हनडीह में एक महीने में कई किसानों के ट्यूबवेल चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कोमाखान थाना क्षेत्र के पटपरपाली-बाम्हनडीह इलाके में खेतों में लगे ट्यूबवेल और फार्म हाउस को चोर लगातार निशाना बना रहे हैं। बीते एक महीने के दौरान कई किसानों के खेतों से कॉपर वायर, पानी के पंप और बैटरी से चलने वाले कृषि उपकरणों की चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से किसान परेशान हैं और उन्हें खेती-किसानी में नुकसान उठाना पड़ रहा है।

ताजा घटना 25 अक्टूबर की रात की बताई जा रही है। चोरों ने किसान मनोज चंद्राकर के फार्म हाउस में बने कमरे का ताला तोड़कर वहां रखे पानी के पंप, करीब 300 फीट कॉपर वायर और कई अन्य उपकरणों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र के किसानों में चिंता बढ़ गई।

जानकारी के अनुसार, पिछले एक महीने में सागर त्रिपाठी, शिव साहू, तेजन साहू, अजय यादव और राजेंद्र शर्मा के खेतों में लगे ट्यूबवेल को भी चोरों ने निशाना बनाया। इन किसानों के खेतों से कॉपर वायर, पंप और दवा छिड़कने में उपयोग होने वाली बैटरी सहित अन्य उपकरण चोरी किए जाने की बात सामने आई है। किसानों के मुताबिक, इन घटनाओं में उन्हें लाखों रुपये के नुकसान का सामना करना पड़ा है। बताया जा रहा है कि पहले हुई चोरी की घटनाओं में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। लेकिन मनोज चंद्राकर के फार्म हाउस में ताजा चोरी के बाद किसानों ने पुलिस तक अपनी बात पहुंचाने का निर्णय लिया। मनोज चंद्राकर के साथ किसान पंडित दिलीप त्रिपाठी और तेजन साहू भी 25 अक्टूबर को कोमाखान थाना पहुंचे। किसानों ने क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और खेती में इस्तेमाल होने वाले महंगे उपकरणों की चोरी से होने वाले नुकसान की जानकारी पुलिस को दी। किसानों की मांग है कि चोरी की घटनाओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए मामले की जांच की जाए ।



खबर संक्षेप



स्वयं सेवकों ने पद संचलन और शस्त्र पूजन किया

बंगोली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा बंगोली मे पद संचलन व शस्त्र पूजन किया गया। पश्चात ग्राम बंगोली व कुर्रा में गली भ्रमण किया। साथ ही ग्रामीणों ने पद संचलन गली भ्रमण कर रहे स्वयं सेवकों के ऊपर पुष्प वर्षा की।

मूरा और धनसुली में शराब की बिक्री से ग्रामीण परेशान

बंगोली। ग्राम मूरा तथा धनसुली में महिलाओं द्वारा अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार धनसुली पत्थर खदान तथा मूरा पत्थर खदान एवं मूरा बस्ती में महिला-पुरुष दोनों अवैध शराब की बिक्री हो रही है। मूरा में अवैध शराब बिक्री कोई नई बात नहीं है यहां हर चार माह में दो-तीन लोग खरोरा थाना जाते हैं और तुरंत ही घर भी आ जाते हैं। ग्रामीणों ने पुलिस थाना खरोरा से मांग कि है की अवैध शराब विक्रेताओं के ऊपर सख्त कार्यवाही साथ ही महिलाओं के लिये महिला पुलिस के साथ पकड़ने की मांग की है।

पानी के अभाव में सूख रही धान की फसल



गोपालपुर। छत्तीसगढ़ को धान के कटोरा के नाम से जाना जाता है, लेकिन देश के आजादी के अस्सी वर्षों के पश्चात भी गोपालपुर एवं क्षेत्र मे सरकार सिंचाई के लिए पानी व्यवस्था नही कर पाए जिसके चलते आज किसानों के धान के फ़सल मर रहा है। लेकिन किसान क्या कर सकते हैं। वे तन मन धन ही लगा सकते हैं। वे लोग कड़ी मेहनत कर एवं खाद बीज कीटनाशक दवाई का छींड़काव किए है। और एक पानी के चलते सारा मेहनत फिका पड़ गया है। किसानों को बहुत चिंता सताया जा रहा है, क्योंकि धान के फ़सल बीना पानी के मर रहा है। यदि सरकार के किसानों के प्रति हमदर्दी होता तो सिंचाई के लिए पानी के लिए पर्याप्त व्यवस्था कर दिया होता तो हरा भरा होता तो ये दिन देखने को नही मिलता। क्षेत्र के किसानों टेक लाल साहू, भागवत साहू, नारायण साहू, सेवक साहू, फिरतू यादव, सेवक साहू से मौखिक चर्चा करने पर बताया कि हम लोगों कितना भी मेहनत करें लेकिन पानी बीना सब बेकार हो जाता है, प्रकृति ऊपर निर्भर है। सरकार यदि चाहते तो सिंचाई के लिए पानी के व्यवस्था कर देते, तो आज ये दिन देखने को नहीं मिलता धान के पैदावार कम होने की संभावना से हम लोग को चिंता सताया जा रहा है। बैंक, साहूकार के कर्जा कैसे छुटे परिवार के परिवरीस कैसे करें, गांव से बिला ब्यपवर्तक नहर गुजरा है लेकिन वर्षों से मरम्मत नही होने के कारण, पानी नहीं आ रही है। यह सब शासन प्रशासन के लापरवाही को दर्शाता है।

कुसमी में दो दिवसीय अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता कल से

नर्रा। ग्राम कुसमी में जूनियर स्टार कबड्डी कमेटी एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय भव्य अंतरराज्यीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 9वां वर्ष 27 एवं 28 अक्टूबर मंगलवार एवं बुधवार को किया जा रहा है। आयोजन समिति से मिली जानकारी के अनुसार, प्रतियोगिता संध्या 8 बजे से प्रारंभ होगी। स्पर्धा का उद्देश्य ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा कबड्डी के प्रति युवाओं का उत्साह बढ़ाना है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए प्रवेश शुल्क 300 रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली विजेता टीमों को नगद राशि एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रथम पुरस्कारः 15, 001 रुपये, द्वितीय पुरस्कारः 10, 001 रुपये, तृतीय पुरस्कारः 7, 001 रुपये एवं चतुर्थ पुरस्कारः 5, 001 रुपए दिया जाएगा।

मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर कलाकारों का उत्साह बढ़ाया

भटगांव में 51 फीट ऊंचे रावण का दहन, विवेक शर्मा की 'स्टार नाइट' में रात भर झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव







नगर भटगांव में पत्रकार दशहरा उत्सव समिति द्वारा आयोजित भव्य दशहरा उत्सव कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से सम्पन्न हुआ। दशहरा मैदान में शाम 7 बजे रावण दहन और मंच पर राम-रावण के नाटकीय मंचन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद रात्रि 9 बजे से सुप्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा के स्टार नाईट कार्यक्रम ने पूरी रात दर्शकों को बांधे रखा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष व पार्षद वार्ड क्रमांक 1 प्रवेश दुबे सहित समस्त पार्षद और सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इन सभी अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शाम होते ही दशहरा मैदान में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी। ठीक शाम 7 बजे मंच पर राम-रावण के नाटकीय मंचन की शुरुआत हुई। इस मंचन को लोटस पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किया, जो इस कार्यक्रम का सबसे भावुक और आकर्षक हिस्सा रहा।

बच्चों ने किया राम रावण का मंचन

बच्चों ने राम, सीता, लक्ष्मण, वीर हनुमान और रावण के पात्रों को बखूबी निभाया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा जब राम-रावण संवाद और युद्ध का मंचन किया गया तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विशेष रूप से हनुमान जी की भूमिका निभा रहे बच्चे ने अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। मंचन के बाद भगवान श्रीराम के द्वारा 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। जैसे ही रावण के पुतले में आग लगी, वैसे ही आतिशबाजी शुरू हो गई और जय श्री राम के नारों से पूरा मैदान गूंज उठा। यह दृश्य देखकर लोगों में बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्साह देखने को मिला।

मुख्य अतिथियों ने किया सम्मान

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष विक्रम कुर्रे द्वारा रायपुर से आये हुए विवेक शर्मा और उनकी पूरी टीम का पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया। उन्होंने पत्रकार दशहरा उत्सव समिति की इस पहल की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से नगर में सांस्कृतिक एकता बढ़ती है।उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन और पार्षद प्रवेश दुबे ने भी समिति को बधाई दी और कहा कि पत्रकारों द्वारा इस तरह का भव्य आयोजन करना नगर के लिए गर्व की बात है।

रात्रि 9 बजे से शुरू हुआ विवेक शर्मा स्टार नाइट

रावण दहन के बाद कार्यक्रम के दूसरे चरण यानी स्टार नाईट की शुरुआत हुई। रात्रि 9 बजे से रायपुर से आये सुप्रसिद्ध गायक विवेक शर्मा ने अपनी प्रस्तुति शुरू की। मंच पर आते ही उन्होंने अपने प्रसिद्ध भक्ति गीत /"मोर दुर्गा दुलौलिन ओ/" से शुरुआत की। जैसे ही विवेक शर्मा ने यह गीत गाया, वैसे ही खचाखच भरी 10 हजार दर्शकों की भीड़ ने तालियों की गूंज से उनका स्वागत किया। पूरा दशहरा मैदान दर्शकों से खचाखच भरा हुआ था, पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

भक्ति गीतों और छत्तीसगढ़ी गानों का रहा समागम

इस स्टार नाईट कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि इसमें भक्ति गीतों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरहिट गानों का भी समागम रहा। विवेक शर्मा ने एक के बाद एक ऐसे गीत पेश किये कि दर्शक झूमने पर मजबूर हो गये। उन्होंने /"जय माता दी/", /"तोर बिना/", /"मया के गीत/" जैसे कई प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत गाए। उनके गीतों पर युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी नाचते हुए नजर आये। डीजे और साउंड की बेहतरीन व्यवस्था ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया था।

गुलाबी ठंड में भी रात 4 बजे तक डटे रहे दर्शक

इस समय मौसम में हल्की गुलाबी ठंड शुरू हो गई है, लेकिन इस ठंड का भी दर्शकों के उत्साह पर कोई असर नहीं पड़ा। विवेक शर्मा के प्रोग्राम को देखने के लिए दर्शक रात 4 बजे तक टस से मस नहीं हुए। 10 हजार की भीड़ रात भर मंच के सामने जमी रही। लोग अपने मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाकर गायक का उत्साह बढ़ा रहे थे। यह नजारा देखते ही बन रहा था। ऐसा लग रहा था जैसे पूरा भटगांव नगर एक साथ जश्न मना रहा हो।भटगांव थाना प्रभारी द्वारा पुलिस बल की जबरदस्त व्यवस्था की गई जिसमें जिला प्रशासन से भी पुलिस बल की व्यवस्था तैनात की गई थी पुलिस बल के जवान भगवान राम के झांकी से लेकर पूरे कार्यक्रम तक रात भर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डटीं रही कार्यक्रम के सफल आयोजन के बाद पत्रकार दशहरा उत्सव समिति के सदस्यों ने नगर पंचायत, पुलिस प्रशासन, लोटस पब्लिक स्कूल के बच्चों, विवेक शर्मा की टीम और समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका।



स्काउट गाइड स्थानीय संघ भाटापारा का गठन विनय ठाकुर बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त श्री इन्द्रजीत सिंह खालसा एवं राज्य सचिव अमित क्षत्रिय के दिशानिर्देश में तथा जिला मुख्य आयुक्त डॉ. अजय राव, जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त एस के गेंदले, सहायक जिला आयुक्त एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी भास्कर देवांगन, राज्य मुख्यालय आयुक्त एवं जिला सचिव डॉ. जगदीश कुमार साहू, जिला संगठन आयुक्त सूरज कसार के मार्गदर्शन में तथा विकासखंड सचिव श्रवण सिंगरौल के कुशल नेतृत्व में स्थानीय संघ भाटापारा के संरक्षक शिवरतन शर्मा के मार्गदर्शन अनुसार, राज्य कार्यकारिणी सदस्य अरुण छाबड़ा, स्थानीय संघ सदस्य अश्वनी शर्मा, राजेश पटेल, संकेत अग्रवाल की उपस्थिति में सर्वसम्मति से रूल्स बुक क्र.6 कंडिका 140 के नियमानुसार जिला पर्यवेक्षक संजीव पटेल और गंगा राम वर्मा के पर्यवेक्षण में गठन प्रक्रिया के अधीन कर्त्तव्य का पालन करते हुए विनय ठाकुर को सर्वसम्मति से स्थानीय संघ भाटापारा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। उपाध्यक्ष पद के लिए पुरुष वर्ग से प्रकाश चन्द्र शर्मा, केशव राम वर्मा, सुनील यदु एवं महिला वर्ग से डॉ. वीणा साहू , गीता अग्रवाल, गायत्री आडिल को मनोनीत किया गया। स्काउटर प्रतिनिधि एस आर फुटान, गाइडर प्रतिनिधि सुशीला वर्मा का चयन किया गया।नव नियुक्त मनोनीत सदस्यों का अधिकृत घोषणा करते हुए अश्वनी शर्मा ने बधाई दी और संघ की मजबूती के लिए एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया, आदर्श ग्राम पंचायत गुड़ेलिया के पंचायत भवन में संपन्न इस महत्वपूर्ण बैठक में सचिव श्रवण सिंगरौल, आरती सार्वा, शरद देउलकर, विनोद साहू, रामनाथ साहू, गिरेन्द्र बंजारे, अशोक टंडन, रितेश मेश्राम, रामकुमार साहू, हेमचंद सनाडय, भूमेश पाण्डेय, डॉ. इन्द्राणी साहू, पुष्पा वर्मा उपस्थित रहे।





प्रदेश में एसआईआर के दौरान फॉर्म 7 का बड़े पैमाने पर हो रहा दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज : भाटापारा

छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री व वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने छत्तीसगढ़ की मतदाता सूची में लगभग 25 लाख मतदाताओं के नाम कम होने पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने फॉर्म -7 की पूरी प्रक्रिया कि जांच की मांग की है, जिसके जरिए मतदाताओं के नाम काट दिए गए हैं। दस्तावेजों के आधार पर बयान जारी करते हुए मोहम्मद अकबर ने कहा है कि वर्ष 2023 से अब तक आबादी बढ़ी है लेकिन 24 लाख 99 हजार मतदाता कम हो गए। भारत निर्वाचन आयोग को इस मामले में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में एस.आई.आर के दौरान बहुत बड़े पैमाने पर फॉर्म-7 का दुरुपयोग कर वोट कटवाने का काम किया गया है। निर्धारित प्रक्रियाओं और नियमों का पालन नहीं किए जाने को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। मोहम्मद अकबर ने बताया कि प्रावधान अनुसार फॉर्म-7 की आपत्ति पर सुनवाई के दौरान सबसे पहले आपत्तिकर्ता को नोटिस जारी करते हुए व्यक्तिगत सुना जाएगा तथा उसका बयान दर्ज किया जाएगा। अधिकारी को आपत्ति और उसके वैधता के संबंध में स्वयं संतुष्ट होना होगा। जिस व्यक्ति के नाम पर आपत्ति की गई है, उसे आदेश पारित करने के पूर्व सुना जाएगा। इसका मतलब यह है कि केवल फॉर्म-7 दाखिल हो जाने से किसी मतदाता का नाम अपने आप नहीं कट जाता, झूठी शिकायत करने पर उक्त आवेदक के विरुद्ध कार्यवाही की जा सकती है, जिसने फॉर्म-7 में जानबूझकर गलत कथन या घोषणा दी है। ऐसी कार्यवाही जनप्रतिनिधि अधिनियम 1950 की धारा 31 के प्रावधानों के अनुसार की जाएगी जो की कारावास से जिसकी अवधि एक वर्ष तक की हो सकेगी या जुर्माने से या दोनों से दंडनीय है।

जीत-हार के अंतर से 4 गुना अधिक वोटर्स गायब

मामलों में जवाब मिलना चाहिए तथा इसके साथ ही यह भी बताना चाहिए कि वर्ष-2023 से अब तक आबादी बढ़ी है फिर 24 लाख 99 हजार मतदाता कैसे कम हो गए? छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और भाजपा के बीच जीत-हार का अंतर 6 लाख 32 हजार वोटों का है, जबकि इससे 4 गुना अधिक मतदाता कम हो गए हैं जो आश्चर्यजनक है। स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए आवश्यक है कि एस.आई.आर के दौरान हटाए गए मतदाताओं के नाम फिर से जोड़े जाएं या पुरानी सूची को बहाल किया जाए। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करे कि कोई भी मतदाता अपने मत देने के अधिकार से वंचित न हो।



जिलों के आंकड़े और निर्वाचन आयोग से सीधे सवाल

पूर्व मंत्री ने कहा कि राज्य के 33 जिलों में 1,08,807 मतदाताओं के नाम काटे गए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से रायपुर 31,028 ,कोरबा 15,187 ,कबीरधाम 2,234 ,बालोद 3,903 ,खलोदाबाजार-भाटापारा 2,662 ,दुर्ग 7,209 इत्यादि ,उन्होंने निर्वाचन आयोग से पूछा है कि इनमें से फॉर्म-7 के आधार पर कितने हैं? क्या आक्षेप आवेदनकर्ता के बयान लिए गए हैं? क्या जिनके नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं उनको सुनवाई का अवसर दिया गया है? कितने मामलों में शिकायतें झूठी पाई गई और कितने मामलों में आक्षेप आवेदनकर्ता फर्जी पाए गए? ऐसे मामलों में क्या धारा-31 के प्रावधान अनुसार कार्यवाही की गई जिसमें 1 साल की सजा या जुर्माना या दोनों का प्रावधान है।

बाजारों में करवा चौथ की रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

पतियों के लिए रखे जाने वाले पवित्र करवा चौथ व्रत को लेकर विवाहिताओं तैयारी तेज कर दी है। अखंड सौभाग्य एवं घर परिवार में सुख शांति की कामना लिए महिलाएं 29 अक्टूबर को है।

गुरुवार को करवा चौथ का व्रत रखेंगी। इस अवसर पर चांद का दर्शन व पूजा कर करवा चौथ का पर्व मनाएगी। पर्व के लिए बाजार में पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है जिसकी जमकर खरीदी भी की जारी है। शरद पूर्णिमा पर्व के बाद कार्तिक माह में लगातार त्योहारों का



क्रम शुरू होने वाला है।

विशेष कर सुहागिनों का बड़ा पर्व करवा चौथ कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को मनाया जाएगा। सौभाग्य एवं घर परिवार में सुख 'शांति की कामना लिए इस दिन महिलाएं दिनभर निर्जला व्रत रखेंगी। रात्रि में चांद का दर्शन करने के पश्चात ही व्रत खोलेगी।

महतारी वंदन के नाम पर महिलाओं से छल : दुबे

भटगांव। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की महतारी वंदन योजना को लेकर कांग्रेस की वरिष्ठ नेता एवं बिलाईगढ़ विधानसभा के नगर पंचायत भटगांव के वर्तमान पार्षद एवं पूर्व नगर पंचायत भटगांव के उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे ने सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पूछा है कि आखिर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की संख्या लगभग 70 लाख से घटकर 68 लाख कैसे रह गई। यदि योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करना है तो नई पात्र महिलाओं को योजना से जोड़ने के लिए पोर्टल क्यों नहीं खोला जा रहा है। वहीं, पहले से योजना का लाभ ले रही महिलाओं के नाम किन कारणों से काटे जा रहे हैं। प्रवेश दुबे ने कहा कि महतारी वंदन योजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें आर्थिक संबल प्रदान करने वाली योजना के रूप में प्रचारित किया गया था। लेकिन योजना के क्रियान्वयन को लेकर सामने आ रहे सवालों का सरकार को स्पष्ट जवाब देना चाहिए।



पीएम श्री सेजेस सुहेला में विज्ञान, गणित एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन

विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

पीएम श्री सेजेस सुहेला में शुक्रवार को विज्ञान, गणित एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा पांचवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक मॉडल प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा 12वीं की छात्रा वैशाली वर्मा एवं गीतांजलि सिन्हा ने भी अपना मॉडल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, स्वदेशी कृषि तथा आपदा प्रबंधन जैसे विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। कक्षा 12वीं की वैशाली वर्मा ने डिजास्टर मैनेजमेंट (आपदा प्रबंधन) पर मॉडल बनाकर आपदा के समय बचाव एवं प्रबंधन के महत्व को प्रदर्शित किया। वहीं, गीतांजलि सिन्हा ने हेल्थ, हाइजीन एंड सैनिटाइजेशन (स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सैनिटाइजेशन) विषय पर मॉडल प्रस्तुत कर स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।





विद्यालय के प्राचार्य डीपी कोसले ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों की प्रतिभा को सामने लाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक चिंतन और रचनात्मकता विकसित होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक प्रयोगों एवं नवाचारों के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया। जनपद सदस्य भानुप्रताप वर्मा ने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों की छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ उन्हें नई सोच और नई संभावनाओं की ओर प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी जिज्ञासा बनाए रखते हुए विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के पालकों सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर देने के साथ किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने का संदेश दिया।